## NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

*कार्य का नाम :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड भिकियासैन के अन्तर्गत शहीद राजेश अधिकारी विनायक ढुगा मोटर मार्ग का निर्माण 3.00 किमी0।*

जनपद अल्मोड़ा विकास खण्ड भिकियासेन के अन्तर्गत शहीद राजेश अधिकारी विनायक ढुगा मोटर मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में इस मोटर मार्ग में पड़ने वाले ग्राम मिनार एंव ढुगा को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिये यहॉ पर कोई भी लिंक मार्ग या सड़क मार्ग नहीं है जिससे यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के लिये 2 समरेखन निर्धारित किये गये थे :–

समरेखन–1 यह समरेखन दौला–बाजन–सिनार मोटर मार्ग के किमी0–12 से प्रारम्भ होता है। इसकी लम्बाई 3.00 किमी0 है। यह समरेखन अधिक जनता को लाभान्वित करता है तथा इसमें आम लोगों की सहमति भी है। इस समरखेन के निर्माण से लागत भी कम आयेगी। इस समरेखन हेतु भू–गर्भवेत्ता द्वारा भी सहमति दी गई है।

समरेखन–2 यह समरेखन दौला–बाजन–सिनार मोटर मार्ग के किमी0–12 से प्रारम्भ होता है। इसकी लम्बाई 3.00 किमी0 है। इस समरेखन में आम लोगों की सहमति नहीं है इस समरखेन में अधिक लागत आयेगी।

उपर्युक्त दोनों समरेखनों के अतिरिक्त अन्य और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है तथा समरेखन–1 में न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होती है तथा वन भूमि के अतिरिक्त निर्माण हेतु कोई और विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने हेतु परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है।

| | |
|---|---|
| सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,<br>रानीखेत । | अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,<br>रानीखेत । |